रेलवे स्टेशनों पर स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृति-पटों का लगाया जाना

830. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृतिपट लगाने की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम क्या-क्या हैं जिनके स्मृति-पट लगाये जाने की योजना सरकार के विचाराधीन है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

Progress in construction of Kapadvanj-Modasa-Nadial railway line

831. SHRI VITHALBHAI M. PATEL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the progress made so far in the construction of Kapadvanj-Modasa-Nadial (Gujarat) new Railway line;

(b) the estimated cost expenditure incurred so far;

(c) the time schedule fixed for its completion;

(d) whether it is a fact that the land which was acquired to lay railway track is being returned to the original owners; and

(e) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) to (c) Nadial-Kapadvanj-Modasa is a composite gauge conversion-cum-new line project. The estimated cost of the project is Rs. 30 crores. Gauge conversion of Nadial-kapadvanj narrow gauge section into broad gauge has been completed at an estimated cost of Rs. 18.37 crores. The completed section has already been commissioned in January, 1993. A sum of Rs. 7.40 crores has been incurred so far on the Kapadvanj-Modasa new line project. The work on the new line project would further be continued on availability of financial resources.

(d) No, Sir.

(e) Does not arise.

रेल उपकरणों का आयात

832. **श्री अजीत जोगी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय में कतिपय रेलवे उपकरणों का आयात किया है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान जिन उपकरणों का आयात किया गया है, उनका ब्यौरा क्या है और इस आयात पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गयी है; और

(ग) इन उपकरणों का अपने देश में निर्माण करने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी हां ।

(ख) ब्यौरा संलग्न अनुपत्र में दिया गया है **(देखिये परिशिष्ट 169, अनुपत्र सं० 18)**

(ग) ऐसी मदों के लिए विकासात्मक आदेश सक्षम विनिर्माताओं को दिये